# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–7260/25 दिनांक–14.08.25

अति आवश्यक/महत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

**प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,**
समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–समस्त जी0एन0एम0, ए0एन0एम0, पैरामेडिकल एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी प्रशिक्षणों की माह सितम्बर–2025 की मुख्य/पूरक परीक्षाओं का परीक्षा शुल्क जमा करने से वंचित रह गये छात्र/छात्राओं का शुल्क जमा कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–5573/25 दिनांक 20.06.2025, पत्र संख्या–5950/25 दिनांक 02.07.2025, पत्र संख्या–6171/25 दिनांक 10.07.2025, पत्र संख्या–6307/25 दिनांक 14.07.2025 एवं पत्र संख्या–6415/25 दिनांक 17.07.2025, पत्र संख्या–6448/25 दिनांक 18.07.2025 के क्रम में पत्र संख्या–6651/25 दिनांक 24.07.2025 एवं पत्र संख्या–6731/25 दिनांक 29.07.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें। जिसके अन्तर्गत छात्र/छात्राओं के हित को दृष्टिगत रखते हुए अर्ह छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु पोर्टल दिनांक 31.07.2025 सायं 05:00 बजे तक खोला गया था।

**अन्तिम तिथि 31.07.2025 सायं 05:00 बजे तक जो प्रशिक्षण संस्थान अपने अर्ह छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा करने से वंचित रह गये हैं, ऐसे प्रशिक्षण संस्थानों को एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। संस्थान के प्रतिनिधि दिनांक 18.08.2025 प्रातः 10:00 बजे से 21.08.2025 सायं 05:00 बजे तक सभी छात्र/छात्राओं का कुल परीक्षा शुल्क "सचिव, उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ" के पक्ष में देय एक बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।**

**अन्तिम तिथि 21.08.2025 सायं 05:00 बजे के उपरान्त किसी भी दशा में परीक्षा शुल्क स्वीकार नही किया जायेगा।**

भवदीय,

(डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।